हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव


# खरीदी का पहला शुभ मुहूर्त पुष्य नक्षत्र कल, अगले सात दिनों में करोड़ों के व्यापार से बाजार होगा गुलजार, ग्राहकों के लिए कई लुभावने ऑफर!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साल के सबसे बड़े पर्व दीवाली से पहले अंचल का बाजार सजकर तैयार हो गया है। दीपावली के पांच दिन पहले 14 एवं 15 अक्टूबर को इस साल का पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है। इस तरह कल पुष्य नक्षत्र के साथ इस बार का पहला शुभ मुहूर्त लोगों को मिलने वाला है। इसके बाद अगले सात दिनों में खरीदी के कई अवसर भी मिलने वाले हैं।

शहर में ऑटोमोबाइल सेक्टर से लेकर कपड़ा, बर्तन, ज्वेलरी और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में कई आकर्षक ऑफर भी ग्राहकों को खींचने के लिए दिए जा रहे हैं। पंडितों ने बताया कि पुष्य नक्षत्र सभी राशि वालों के लिए सुख-समृद्धि लेकर आ रहा है। इससे सभी राशि को लाभ मिलेगा और शुभता आएगी। साथ ही इस दौरान की गई हर खरीदी चिर स्थायी होगी। ज्योतिष शाख में इस मुहूर्त को अबूझ मुहर्त भी कहा जाता है। इस मुहूर्त में किए गए सभी काम पूरे तो होते ही हैं। साथ ही बहुत जल्दी उनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं। इस पावन नक्षत्र में लोग नए कार्यों की भी शुरूआत करेंगे। नक्षत्र को लेकर लोगों में जहां उत्सुकता है। वहीं बाजार भी सजकर तैयार हो गया है। लोग अभी से अपनी पसंद के वाहनों, घर-सोने-चांदी के आभूषण समेत अन्य वस्तुओं की बुकिंग भी करवा रहे हैं। इस दिन बाजार में करोड़ों रुपए का व्यापार होगा। जिसमें सभी सेक्टर में जमकर बिक्री होगी।

### इस दिन यह योग

- 14 अक्टूबर- पुष्य नक्षत्र
- 17 अक्टूबर- सिद्धि राजयोग
- 18 अक्टूबर - धनतेरस
- 19 अक्टूबर- अमृत सिद्धि योग
- 20 अक्टूबर- सर्वाथ सिद्धि योग



**ऑफरों से सजेगा बाजार** : व्यापारियों के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स आईटम में ग्राहकों को ढ़ेरों उपहार दिए जा रहे हैं। जिसमें कैश डिस्काउंट मिष्ट वॉजवर एक्सेंज ऑफर सहित कई ऑफर उपलब्ध है। इस समय खरीदारी करने से बहुत लाभ होगा। मार्केट में वॉशिंग मशीन, एसी, एयर प्यूरीफायर, वॉटर प्यूरीफायर, वैक्यूम क्लीनर, गोजर, पये मिक्सर, रेफ्रिजरेटर इंडी होम थिएटर आदि की डिमांड है।

### गोल्ड की डिमांड पहले जैसी ही

व्यापारी अनिल बरडिया ने बताया कि भले ही सोना और चांदी के दाम चढ़ गए हो, लेकिन इसके बाद भी ज्वेलरी की डिमांड पहले जैसी ही है। लोग बढ़े हुए रेट में भी खरीदारी करने के लिए आ रहे हैं। इस हिसाब से धनतेरस और गुरु पुष्य नक्षत्र पर सराफा बाजार में बफर बिक्री की उम्मीद है। कई लोगों ने तो पहले से बुकिंग भी करा रखी है।

### ऑटोमोबाइल बाजार भी तैयार

ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रॉनिकस, रियल स्टेट, सराफा समेत सभी सेक्टरों के लिए खरीदारी का महाकुंभ पुष्य नक्षत्र के साथ होगा। व्यापारी भी बाजार के और भी तेज होने की संभावना जता रहे हैं। वहीं लोगों को अनेक ऑफर की सौगात भी दी जा रही है। कहीं आखन लोन की सुविधा ती कहीं एक के साथ एक फ्री। वहीं गहनों में मेकिंग चार्ज में कुछ छूट तो नया घर के सपनों को पूरा करने पर लाड़ी फर्नीचर समेत अन्य लुभावने ऑफर लोगों को दिए जा रहे हैं।

### पहले दिन पूजा, दूसरे दिन दान-पुण्य

इस बार भी दीवाली दो दिन की है। हालांकि इस साल दीपावली 20 अक्टूबर को ही मनाई जाएगी। 20 अक्टूबर को दोपहर 2.27 बजे अमावस्या शुरू हो जाएगी। इसके बाद प्रदोषकाल व मध्य रात्रि में अमावस्या होने से इस दिन दीपावली और लक्ष्मी पूजन किया जाएगा। 21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि दोपहर 3.56 बजे तक रहेगी। इस दिन पितरों का श्राद्ध एवं दान-पुण्य करना चाहिए। सूर्यास्त के बाद प्रदोषकाल में अमावस्या नहीं होने से इस दिन दीपावली लक्ष्मी पूजा का मुहूर्त नहीं मिलेगा।

# कपड़ों के रंग को लेकर विवाद, पर्स-बेल्ट और टोपी भी रही प्रतिबंधित, देर से आने पर नहीं मिला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा वार्ड बाय और वार्ड आया के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के दौरान किए जाने वाले जांच पड़ताल से परीक्षार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कुछ परीक्षार्थी अपने कपड़ों के रंग को लेकर उलझे तो वहीं कुछ परीक्षार्थी समय पर आने पर भी गेट नहीं खोलने के मामले को लेकर नाराजगी जाहिर की।

व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को कड़ी जांच पड़ताल से गुजरना पड़ा। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के कपड़े, हाफ आस्तीन पहनकर बुलाया गया था, लेकिन कई परीक्षार्थी कपड़ों के रंगों को लेकर उलझते रहे। कुछ परीक्षार्थियों ने कहा कि उनके कपड़ों का रंग हल्का ही है, इसके बाद भी उन्हें परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं दिया गया। शहर के कमला कॉलेज के बाहर परीक्षार्थियों ने प्रवेश नहीं दिए जाने को लेकर कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते परीक्षा रद्द करने की मांग की। यहां चिरचारीखुर्द से पहुंचे गणेशाराम सिन्हा, देवरी बालोद से पहुंची दिव्यांग परीक्षार्थी सविता और खैरागढ़ से पहुंची परीक्षार्थी संजना देवांगन ने कहा कि वह 10.30 से पहले यहां पहुंच गए थे, लेकिन गेट बंद कर दिया गया। कुछ परीक्षार्थियों ने कहा कि उन्हें डार्क रंग के कपड़े पहनकर आने की वजह से प्रवेश नहीं दिया गया। जबकि उनके द्वारा परिसर में ही दूसरे कपड़े मंगाकर पहनने की बात भी कही गई, इसके बाद भी उन्हें निकाल दिया गया और वह परीक्षा देने से वंचित रह गए।

- वार्ड बाय-वार्ड आया प्रवेश परीक्षा, कड़ी जांच पड़ताल से हुई परेशानी



**कठिन लगे गणित के सवाल** : सुबह 11 से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित परीक्षा के लिए महिलाओं की संख्या अधिक रही। परीक्षा देकर निकली सरस्वती नेताम व तारिणी साहू ने कहा कि प्रश्न अच्छे आए थे, लेकिन गणित के प्रश्न कठिन थे। वहीं मयंक चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी के सवालों ने थोड़ा उलझाया। उन्होंने कहा कि इस बार व्यापम ने बेहतर प्रश्न सेट किए थे।

### 1208 रहे अनुपस्थित

परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश के लिए डार्क कपड़ों, फुल आस्तीन के अलावा बेल्ट, पर्स, रूमाल, टोपी, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक सामान, जूता प्रतिबंधित किया गया था। कुछ युवती फुल आस्तीन के सूट पहनकर पहुंची थी, इन्हें प्रवेश नहीं मिलने पर उन्होंने आसपास की दुकानों में जाकर अपने कपड़ों के आस्तीन कटवाए, तब प्रवेश मिला। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा को लेकर जिले में 13 सेंटर बनाए गए थे। जिसमें 4412 कुल अभ्यर्थियों में से 3204 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए।






## खबर संक्षेप

### फिर बारिश के संकेत

**राजनांदगांव**। बंगाल की खाड़ी में बन रहे एक नए सिस्टम की वजह से अंचल में एक बार फिर बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। विभाग के अनुसार अगले कुछ दिन हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि अब मानसून के लौटने का दौर भी शुरू हो गया है। अगले एक सप्ताह में मानसून लौट सकता है।

### मांय एंगल




# ज्वेलरी शाप में चोरी के आरोपी पकड़ाए, 6 लाख के जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ज्वेलर्स एवं इलेक्ट्रानिक्स दुकान का ताला तोड़कर गत दिवस अज्ञात चोरों ने लगभग 6 लाख रुपए के चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी एवं दो बालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा, एएसपी नीतेश गौतम, एसडीओपी ममता शर्मा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 एवं 9 अक्टूबर के मध्य रात्रि में सोनी ज्वेलर्स एवं इलेक्ट्रानिक्स दुकान छुईखदान के ताला को तोड़कर चांदी के जेवरात कुल कीमती 6,00000 रुपए को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया। रिपोर्ट प्रार्थी परमेश्वरराम सोनी 45 साल निवासी कोटरा थाना छुईखदान हाल ग्राम श्यामपुर ने 9 अक्टूबर को दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया था। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।



### अपचारी बालक भी पकड़ाया

पुलिस ने उक्त चोरी के मामले में आरोपी प्रहलाद निषाद उर्फ दादू 35 साल निवासी वार्ड नं. 3 कंडरापारा छुईखदान एवं अपचारी बालक को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस को इस मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश है। जिसकी गिरफ्तार शीघ्र किए जाने का दावा पुलिस ने किया है।

### आरोपियों से आभूषण बरामद

चांदी का गहना चुटकी बिछिया चुटकी कटली, बचकानी फैंसी पायल, पैर में पहनने वाला कडा, चार जोड़ी पायल मोटा वाला, दो जोड़ी गुब्बा पायल, दो जोड़ी चापा पायल, चांदी का सिक्का, चंद्रमा लाकेट, चाबी गुच्छा बाजुबंद, हाफ करधन, लक्ष्मी गणेशजी की मूर्ति वजन लगभग 4 किलो कुल कीमत 6,00000 रुपए का मशरूका जब्त किया गया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाला

*चोरी के इस मामले को लेकर पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ की। इस दौरान उक्त मामले में संदेहियों को 12 अक्टूबर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो अपना-अपना जुर्म स्वीकार कर मशरूका को छुपाकर रखना बताए। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से चोरी किए हुए चांदी के जेवरात शत-प्रतिशत बरामद किया गया है।*






## चिंताजनकः शहर के कई दुकानों के सैंपल जांच में फेल

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया निरीक्षण पांच दर्जन सैंपल में मिले छह अमानक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली पूर्व खाद्य सुरक्षा सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाईयों सहित खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता जांचने के लिए मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से दुकानों में दबिश देकर प्रारंभिक जांच की जा रही है। रविवार तक विभाग द्वारा शहर के 60 से अधिक नमूनों की जांच की गई। जिनमें छह अमानक मिले हैं।



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में कमी एवं मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिसके निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि ममता नगर सहित आसपास क्षेत्र की लगभग 10-12 दुकानों में दबिश देकर लगभग 60 नमूने लेकर मोबाइल टेस्टिंग लैब के माध्यम से प्रारंभिक जांच की गई है। जिसमें छह सैंपल अमानक पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसमें से दो सैंपल मिथ्या छाप थे, जो पैकेजिंग और अन्य मामले में अलग थे। वहीं एक सैंपल असुरक्षित था। जिसमें कलर का एक्स्ट्रा उपयोग पाया गया था, जिन्हें समझाईश दी गई है।

### जांच के लिए भेजे गए खोवा सैंपल

खाद्य सुरक्षा विभाग की फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से शहर के हलवाई लाइन क्षेत्र में भी मिठाइयों और खोवा के नमूने लेकर जांच के लिए भेजा गया है। दीपावली त्योहार के मद्देनजर मोबाइल टेस्टिंग लैब के माध्यम से मौके पर ही प्रारंभिक जांच की जा रही है। वहीं कुछ नमूने जांच के लिए रायपुर लैब भी भेजा जा रहा है।

### इन दुकानों से लिए सैंपल

शहर में संचालित ठेला, टपरी, मिठाई दुकानों के 60 खाद्य नमूनों की मौके पर चलित प्रयोगशाला के माध्यम से जांच की गई। जांच में 54 मानक एवं 6 अमानक पाए गए। दुकान संचालक को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। शहर के मेसर्स रामप्रसाद स्वीट, मोतीलाल हरिमोहन एवं अरिहंत सुपर बाजार से खोवा, मिल्क केक, मैदा, बेसन सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने विधिक जांच हेतु जब्त किए गए। विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन में जिलें में बाहर से आयात होने वाले खोवा, पनीर, कुंदा व अन्य खाद्य सामग्री की निगरानी की जा रही है, ताकि नागरिकों तक सही खाद्य सामग्री पहुंच सकें। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जांच अभियान लगातार जारी है।







## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठक कंवर सम्मानित

**मुरमुंदा।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ के संस्थापक संजय कुमार मैथिल, अध्यक्ष मीना भारद्वाज, निधि चन्द्राकर द्वारा स्व. नरेंद्रसिंह चन्द्राकर की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ गौरव सम्मान समारोह में प्राथमिक शाला भरूहाटोला के प्रधानपाठक धनुष राम कंवर को छत्तीसगढ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हे संकुल प्राचार्य जैन मेडम, संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, महेंद्र कंवर, रवि चन्द्रवंशी, गजेंद्र मंडावी, हेमदास उईके आदि ने बधाई दी है।

### रंगोली स्पर्धा 21 को

**डोंगरगांव।** आशा चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आगामी 21 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में नगर की महिलाएं अपने आंगन में रंगोली बनाकर भाग ले सकते हैं। आयोजन समिति द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अनिल रूपलानी ने अधिक से अधिक संख्या प्रतिभागियों से भाग लेने की अपील की है।

### आसरा में गौरा गौरी उत्सव 23 से

**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम आसरा में दिवाली के मौके पर दो दिवसीय गौरा गौरी उत्सव का आयोजन रखा गया है। सरपंच शरद वैष्णव ने बताया कि आयोजन के पहले दिन 23 अक्टूबर को शुभारंभ के बाद अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। इसी दिन प्रसिद्ध बांसुरी वादक ओपी देवांगन, गायब हिरेश सिन्हा, जितेश्वरी सिन्हा और सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकधारा की प्रस्तुती होगी। इसी क्रम में दूसरे दिन राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। श्री वैष्णव ने बताया कि स्पर्धा के सामूहिक वर्ग में विजेताओं को क्रमशः 21, 15, 10, 5, 3 हजार, युगल वर्ग में 7, 5, 2, 1 और एकल वर्ग में 5, 3, 2, 1, 1 हजार दिया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है। आयोजकों ने अंचल के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### अवैध बिजली कनेक्शन से लाखों का नुकसान

**डोंगरगढ़।** शहर के विभिन्न वार्डो में लगने वाली पानी टंकी में कमीशनखोरी के साथ अवैध विद्युत कनेक्शन का मामला सामने आया है। ठेकेदार और विद्युत मंडल अधिकारियों की सांठगांठ से कनेक्शन जोडकर बोर संचालित किया जा रहा है। बिजली की चोरी से विद्युत मंडल को लाखों का नुकसान हो रहा है। इसी प्रकार 30 हजार की कीमत वाली पानी टंकी को 45 से 50 हजार में खरीदना बताकर राशि का आहरण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर के 24 वार्ड में लगभग 30 टंकी लगाई गई है। अधिकांश टंकी में अवैध कनेक्शन लेकर पानी भरा जा रहा है।

### जिला पंचायत सभापति की सराहनीय पहल

# कोहका के बाद चिद्दो में भी पूर्ण शराबबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शराब से बिखरते और आर्थिक रूप से टूटते परिवार, गांव के दूषित होते माहौल को देखते हुए अब ग्रामीण स्वयं शराबबंदी की पहल करने लगे है। हाल के दिनों ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम कोहका में पूर्ण नशाबंदी की पहल के बाद ग्राम माथलडबरी में जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु के नेतृत्व में पूर्ण शराबबंदी लागू किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कोहका की महिलाओं के शराब के खुलकर सामने आने के बाद ग्रामीणों ने शराब बेचने और सार्वजनिक स्थानों पर सेवन करने का पूरी तरह रोक लगा दिया था। ग्रामीणों ने इस प्रावधान का उल्लंघन करने पर जुर्माना वसूलना भी तय किया था। इसी कड़ी में श्रीमती यदु के मार्गदर्शन में माथलडबरी के चौक-चौराहों पर फ्लेक्स एवं बैनर लगाकर शराबबंदी के संदेश के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। गौरतलब है कि श्रीमती यदु के प्रयास से प्रेरित होकर ग्राम चिद्दो में भी पूर्ण शराबबंदी लागू की गई है।




**बदली गांव की तस्वीर** ग्राम में शराबबंदी लागू होने के बाद से शांति, सौहार्द और स्वच्छ वातावरण स्थापित हुआ है। महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वह श्रीमती जागृति चुन्नी यदु के प्रेरणादायी कदम के लिए आभारी हैं, जिनकी पहल से अब आसपास के अन्य गांव भी नशामुक्ति की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

#### दंड और इनाम का प्रावधान

ग्राम विकास समिति एवं चिद्दों के ग्रामीणों ने बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गांव में शराब बेचने पर 20 हजार अर्थदंड लिया जाएगा। शराब बेचने की जानकारी देने वाले को 5 हजार इनाम दिया जाएगा। इसी प्रकार शराब पीने पर 5 हजार अर्थदंड और बताने वाले को 2 हजार इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा गांजा, जुआ सट्टा भी प्रतिबंधित किया गया है।

#### दुष्परिणाम से ग्रामीण दुःखी

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में गांव में जगह-जगह शराब बिकने और लोगों के पीने से आपसी विवाद होते रहते थे। शराब के कारण सबसे अधिक नुकसान महिलाओं और बच्चों का उठाना पड़ रहा था। हालात यहां तक आ गए थे कि गांव में आए दिन विवाद की स्थिति रहती थी वहीं घरों में भी कलह होते रहता है। शराब पीने वाले अपनी कमाई को उड़ा रहे थे साथ ही घर के जेवर, बर्तन आदि बेचने से भी परहेज नहीं कर रहे थे। लोगों की स्वास्थ्य गत समस्या और बिगड़ती माली हालत को देखते हुए ग्रामीणों ने जागरूकता अभियान चलाया और शराब का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

# नब्बे छात्राओं को साइकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

सरस्वती सायकल योजना के तहत स्थानीय कन्या हाईस्कूल की कक्षा 9 वीं की 90 छात्राओं को गत दिनों सायकल प्रदान किया गया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नपं उपाध्यक्ष छबिधर साहू, हेमलाल वर्मा, पार्षद उषा यदु, शाला समिति के सदस्य शिवेंद्र धनकर, प्रेमलता यदु, नमिता देवांगन सहित अन्य मौजूद थे। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री साहू एवं मंडल अध्यक्ष श्री कांडे ने बताया कि यह योजना तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए शुरू किया गया था। योजना के तहत लड़कियों को साइकिल दिया जाता है ताकि वह आसानी से स्कूल जाकर पढ़ाई कर सकें।

# पौधों के गुणों से छात्रों को कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत आयुष स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर एवं होम्योपैथी औषधालय के तत्वावधान में साप्ताहिक गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

विशेषज्ञों ने उन्हें विभिन्न औषधीय पौधों की पहचान, गुण, प्रयोग विधि तथा आयुर्वेद, होम्योपैथी चिकित्सा के महत्व की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा, आंवला, नीम, अर्जुन आदि पौधों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों ने पौधों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर उनके गुण-धर्म समझा।

# मदन मंडावी को मिला छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

**डोंगरगढ़।** छात्र एवं शिक्षकों के विकास तथा समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ एवं उड़ान राष्ट्रीय महिला जागृति मंच नई दिल्ली के सहयोग से कामरेड स्व. नरेंद्र सिंह चंद्राकर की स्मृति में आयोजित सम्मान समारोह में प्राथमिक शाला छपारा के प्रधानपाठक मदनलाल मंडावी को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में मीना भारद्वाज, निधि चंद्राकर, संजय कुमार मैथिल, परसराम साहू, डॉ. राजेन्द्र पाटकर, मोहित कुमार शर्मा शामिल हुए।



### रजत जयंती पर योगाभ्यास का आयोजन आज



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा कल 13 अक्टूबर को सुबह 7 से 8 बजे तक योग वेलनेस सेन्टर आयुष पॉलीक्लीनिक दीनदयाल नगर वार्ड नंबर 6 पानी टंकी के पास चिखली राजनांदगांव में योग चिकित्सक द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। योगाभ्यास कार्यक्रम में जिला स्तरीय विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# दिवाली का बाजार सजकर तैयार व्यापारियों को ग्राहकों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

रौशनी के पर्व दीपावली को लेकर बाजार सजकर तैयार हो गया है लेकिन वर्तमान में हो रही बारिश के कारण धंधा मंदा है। व्यापारियों और किसानों को मौसम खुलने का इंतजार है ताकि धान सहित अन्य फसल की कटाई शुरू हो और इसी के साथ मार्केट में रौनक आए।

उल्लेखनीय है कि दशहरा के बाद हरूना धान की कटाई शुरू हो जाती है किन्तु इन दिनों लगातार बारिश होने के कारण अब तक कटाई शुरू नहीं हो सकी है। वर्तमान में खेतों में पानी भरा हुआ है जिससे किसान धान सहित अन्य फसल की कटाई शुरू नहीं कर पा रहे हैं। कटाई शुरू नहीं होने का असर बाजार में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि दिवाली के मद्देनजर व्यापारियों ने जरूरत के सामानों का भंडारण कर रखा है। व्यापारी जितेंद्र गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि धनतेरस से व्यापार जोर पकड़ सकता है। व्यापारी तोमन साहू, तिलक साहू ने बताया कि बोनस मिलते ही बाजार में तेजी आएगी। व्यापारी चाहत तंबोली, बब्बू देवांगन, संतोष पटवा ने बताया कि अभी उपभोक्ताओं द्वारा दुकानों में सामानों को देख रहे है और दीपावली के आसपास खरीदी करने की तैयारी में हैं।

#### ऑनलाइन से परेशानी

व्यापारी लक्की गुप्ता, मयंक गुप्ता ने बताया कि आनलाइन कारोबार के बढते चलन के कारण बाजार की रौनक खत्म हो गई है लेकिन उन्हे उम्मीद है कि दीपावली के दिन व्यापार जोरों पर रहेगा। व्यापारी रूपेश गुप्ता, चंदू महाराज, लक्ष्मण सोनकर ने बताया कि वर्तमान में ग्राहकों के इंतजार पर बाजार टिका है और उम्मीद है कि दीपावली पर बाजार में रौनक आएगी।

# अब हेक्टेयर के आधार पर होगी जमीन की गणना

## नई गाईड लाइन में डायवर्सन का फर्क खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राज्य सरकार ने जमीन अधिग्रहण और मुआवजा के नियमों में बदलाव किया है। भारतमाला और रेल परियोजनाओं में करोड़ों के मुआवजा फर्जीवाड़े के बाद सरकार ने यह व्यवस्था लागू की है कि अधिग्रहित जमीन का मुआवजा अब वर्गमीटर के बजाये हेक्टेयर के आधार पर तय किया जाएगा।

यही नहीं जमीन डायवर्सन या राजस्व उपयोग परिवर्तन की गई हो या न की गई हो, मुआवजे की रकम पर कोई असर नहीं पड़ेगा। राज्य बनने के बाद पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि डायवर्टेड और बिना डायवर्सन की जमीन की कीमत समान होगी। पहले डायवर्टेड जमीन का मुआवजा बिना डायवर्सन वाली जमीन की तुलना में करीब ढाई गुना ज्यादा होता था। नए नियम से मुआवजा प्रक्रिया पारदर्शी होगी और कृत्रिम रूप से जमीन को टुकड़ों में बांटकर अधिक मुआवजा लेने जैसी अनियमितता पर रोक लग सकेगी।

#### हेक्टेयर से होगी गणना

पहले मुआवजा वर्गमीटर में तय होता था, लेकिन अब अधिग्रहित क्षेत्र की गणना हेक्टेयर में की जाएगी। 500 वर्गमीटर से कम भूमि पर अधिक मुआवजा और बड़ी भूमि पर कम मुआवजा मिलने की पुरानी प्रणाली से सबसे ज्यादा गड़बड़ी होती थी। कई जगह एक ही एकड़ जमीन को छोटे टुकड़ों में बांटकर करोड़ों रुपये का मुआवजा प्राप्त किया गया था। अब नई व्यवस्था में ऐसे विभाजन का कोई फायदा नहीं होगा।

#### प्रदेश में लागू होगी व्यवस्था

एसडीएम एम. भार्गव ने बताया कि राज्य सरकार की गाइड लाइन प्रदेश में समान रूप से लागू होगी। रिंग रोड़ एवं परिक्रमा पथ निर्माण में प्रभावित होने वाली जमीन भी शामिल होगी। इस संबंध में शासन से निर्देश मिलते ही प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी।

#### रिंग रोड पर लागू होंगे नए नियम

डोंगरगढ़ क्षेत्र के दो बड़े प्रोजेक्ट 30 किमी लंबे रिंग रोड निर्माण और परिक्रमा पथ परियोजना में भी यह नई गाइडलाइन लागू होगी। इस परियोजना के लिए 23 गांवों की जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। 19 गांव रिंग रोड के लिए और 4 गांव परिक्रमा पथ के लिए चिह्नित किए गए हैं। प्रशासन ने इन गांवों में जमीन की खरीदी-बिक्री, रजिस्ट्री और हस्तांतरण पर रोक लगा दी है। यह कदम भू माफियाओं और अवैध सौदों पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। लोक निर्माण विभाग ने रिंग रोड के लिए सर्वे और मार्किंग का कार्य पूरा कर लिया है, जिसके बाद प्रभावित खसरों का मुआवजा प्रकरण नई गाइडलाइन के अनुरूप तैयार किया जाएगा। रिंग रोड़ में ग्राम कलकसा, करवारी, बछेराभांठा, भर्रीटोला, चौथना, लालबांधा, खरकाटोला, चिद्दों, कल्याणपुर, भोथली, भंडारपुर, पिपरिया, मुरमुंदा, कुरूंभाठ, राका, हरणसिंघी, नागतराई, अछोली और भैंसरा गांवों की भूमि आ रही है।

# खादी के निरंतर उपयोग करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने लोक शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत राज्य खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया।

पहले दिन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध का विषय आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त बनाने में खादी एवं ग्रामोद्योग की भूमिका था। दूसरे दिन खादी अब केवल स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं, बल्कि एक व्यावसायिक रूप से सक्षम उत्पाद विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 13 प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क रखे। अंतिम दिन सेमिनार आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ईवी रेवती ने की। मुख्य अतिथि खादी और ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक डा. कुलदीप शर्मा थे। उन्होंने कहा कि खादी न केवल भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी उपयोगी है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को 35 तथा शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों को 25 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होता है।वाणिज्य एवं उद्योग केंद्र के सहायक संचालक सतविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि स्वरोजगार, रोजगार से हमेशा बेहतर विकल्प है। स्वरोजगार किसी की नौकरी करने से बेहतर होता है। आशीष मोटघरे ने अपने अनुभव साझा किया।

#### भारत की आत्मा है खादी

चंद्रगिरी ट्रस्ट द्वारा संचालित हथकरघा केंद्र की शुभा जैन ने हथकरघा और खादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर जी के अनुसार खादी भारत की आत्मा का प्रतीक है। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम निखिल सहारे, द्वितीय प्राची सहारे, तृतीय वैदेही सिंह, वाद-विवाद में प्रथम श्रीजल, द्वितीय प्राची सहारे, तृतीय स्थान विकास मेश्राम ने प्राप्त किया। विजेताओं को खादी के वस्त्र और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। निर्णायक डॉ येशुक्रिती हजारे, वेदप्रकाश साहू, देवश्री और पूर्वेश बांधव थे।

#### खादी के उपयोग की शपथ

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. रेवती ने सभी को खादी प्रतिज्ञा दिलाई। सहायक प्राध्यापक अविनाश सिंह ने स्वच्छता प्रतिज्ञा दिलाई। डॉ. येशुक्रिती हजारे ने कवि सोहनलाल द्विवेदी की कविता का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. येशुक्रिती हजारे एवं देवश्री ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक जीके यादव ने किया। कार्यक्रम मे डॉ. गोकुल प्रसाद, हर्ष यादव, सपना जैन, दिव्या डड़सेना, आस्मीन साहू, पीयूष यादव, प्राची लाउत्रे, निकिता गुप्ता, प्रियांशु, नव्या, ओमप्रकाश, शीतल आदि अन्य शामिल हुए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे जंघेल

**सड़क अतरिया।** ग्राम के निवासी शिक्षक बाबूलाल सोरी एवं उनकी पत्नी सुनतीबाई सोरी की गत दिनों एक युवक ने निर्मम हत्या कर दिया था। पति पत्नी के चले जाने से पूरा परिवार उजड़ गया है। शिक्षक के बच्चे अनाथ हो गए हैं। पूर्व विधायक कोमल जंघेल घटना की जानकारी मिलने पर शोक परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे। उन्होंने घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में पूरा गांव और क्षेत्र आपके साथ है। इस मौके पर राधेमोहन वैष्णव, अश्वनी वैष्णव, लोमश वैष्णव, महेश जैन, विष्णु जंघेल, खेदुराम जंघेल, जगदेव गोड़, रामशरण रजक, उभे रजक मौजूद थे।



### चेक पोस्ट पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** रजत जयंती महोत्सव 2025 के शुभ अवसर पर विकासखंड छुरिया अंतर्गत पाटेकोहरा परिवहन चेक पोस्ट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



स्वास्थ्य शिविर में खंड चिकित्साधिकारी डॉ. ओमेश भगत तथा बीईटीओ सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम की उपस्थिति रही। शिविर में बड़ी संख्या में ट्रक चालकों एवं चेक पोस्ट पर कार्यरत स्टाफ का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

परीक्षण में हीमोग्लोबिन जांच, सिकलिंग टेस्ट, एचआईवी जांच, टीबी स्क्रीनिंग, हेपेटाइटिस-बी स्क्रीनिंग एवं हेपेटाइटिस-बी वैक्सीनेशन शामिल रहा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित लाभार्थियों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित जरूरी जानकारियां भी प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से परिवहन क्षेत्र में कार्यरत लोगों को समय पर स्वास्थ्य जांच का लाभ मिल रहा है। जिससे गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और रोकथाम संभव हो रही है।

### लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 11 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोककला और परंपराओं के संरक्षण तथा प्रसार के उद्देश्य से "छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता" का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की 'सर्वोत्तम प्रथाओं' के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षेत्रीय पहचान और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का प्रयास किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने की। निर्णायक मंडल में डॉ. फूलसो राजेश पटेल, थानेश्वरी वर्मा तथा पुण्यप्रदा सिंह ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के संचालन में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों और छात्र-छात्राओं का सक्रिय सहयोग रहा। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एकल गीत प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा निशा वर्मा ने अपने मधुर स्वर और भावपूर्ण प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं समूह नृत्य प्रतियोगिता में यारिशा एवं समूह ने छत्तीसगढ़ की लोकनृत्य परंपरा को शानदार ढंग से प्रस्तुत कर प्रथम पुरस्कार जीता।कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने प्रतिभागियों को बधाई देते कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन न केवल हमारी लोकसंस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनशीलता और सामाजिक जुड़ाव की भावना को भी प्रबल करते हैं।

### राजेन्द्र को मिला आप जिला संगठन की कमान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ आम आदमी पार्टी द्वारा राज्य के सभी जिलों में संगठन की समीक्षा उपरान्त कुछ नए नियुक्तियों की सूची जारी की गई है।



प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक तथा सह-प्रभारी मुकेश अहलावत के दिशा-निर्देश पर राज्य कमेटी के अध्यक्ष गोपाल साहू की अनुशंसा और प्रदेश कमेटी के सम्मानित वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति के आधार पर पार्टी के दुर्ग-राजनांदगांव जोन के चार जिलों में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

राजनांदगांव जिला अध्यक्ष के रूप में जिला संगठन की कमान पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सोनी भाई राजा को सौंपा गया है। राजेन्द्र पिछले नगर निगम चुनाव में पार्टी के पार्षद प्रत्याशी भी रह चुके हैं। राजेंद्र सोनी पार्टी के कार्यक्रमों में निरंतर अपनी सेवाएं देते रहे हैं।उनके नेतृत्व में आम आदमी पार्टी राजनांदगांव जिले में संगठन विस्तार के साथ-साथ राजनीतिक गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित कराने नई इतिहास लिखेगी। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी जिला राजनांदगांव के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कमेटी के निर्णय का स्वागत करते राजेन्द्र सोनी को बधाई दी है।

### सूरज ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के सूरज शर्मा राजनांदगांव ब्लॉक के नए ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। विगत दिवस कलेक्टोरेट गार्डन में राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ललित प्रताप सिंह एवं ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश साहू की उपस्थिति में हुए चुनाव में सूरज शर्मा को अध्यक्ष एवं रोशनलाल साहू को ब्लॉक संयोजक बनाए गए हैं। चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राजनांदगांव रमेश साहू, कार्यवाहक जिला पदाधिकारियों बंदीश नेमपांडे, अमीन कुरैशी, ओमप्रकाश साहू, ललित प्रताप सिंह, रोशनलाल साहू, उमेश देशलहरा, खिलावन ठाकुर, प्रवीण हिरवानी, चंद्रकिरण महिपाल, गोपी चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# डॉ. रमन के जन्मदिन पर बिखरेगी कैलाश खेर की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन शहर में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 15 अक्टूबर को स्टेट स्कूल मैदान में रात्रि 9 बजे से सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। इससे पूर्व शिवनाथ वाटिका में कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पत्रकारवार्ता में बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष एवं शहर विधायक डॉ. रमन सिंह का 73वां जन्मदिन कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह से मनाया जाएगा। इस दौरान शहर में प्रदेश सहित जिले के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।



### दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण

श्री राजपूत ने बताया कि 16 अक्टूबर को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा प्रयास अकादमी एवं हॉकी स्टेडियम स्थित जीम की शुरूआत करेंगे। विधानसभा निवास में दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन की खुशियां बाटेंगे। साथ ही उन्हें उपकरण भी प्रदान किया जाएगा।

### शिवनाथ वाटिका में सम्मान समारोह

कार्यक्रम के तहत 15 अक्टूबर को दोपहर 4 बजे से शिवनाथ वाटिका में कार्यकर्ताओ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। तत्पश्चात शाम के समय विधानसभा अध्यक्ष निवास पर नागरिकों एवं भाजपा के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। शाम लगभग 7 बजे से प्रदेश के मंत्रिमंडल के सदस्यों से मेल-मुलाकात विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे।

### स्टेट स्कूल मैदान में कैलाश खेर देंगे प्रस्तुति



पत्रकारवार्ता में यूथ वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष भावेश बैद ने जानकारी दी कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन अवसर पर 15 अक्टूबर को शहर के स्टेट स्कूल मैदान में रात्रि 9 बजे से बालीबुड के प्रसिद्ध सिंगर कैलाश खेर अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में पहुंचने वालों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। पत्रकारवार्ता में जिला भाजपा महामंत्रीद्वय सौरभ कोठारी, डिकेश साहू सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## बच्चों में बढ़ रहा वायरल फीवर

# मौसम में बदलाव का सेहत पर असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते दिनों हुई बारिश और अब शुरूआती ठंड से बदलते मौसम में बच्चों को वायरल फीवर व सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं हो रही है। हाल ही में कफ सिरप में हुए मामलों के बाद अब बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता दिखाई देती है। जिससे अब बच्चों को बिना चिकित्सक की सलाह दवाई नहीं देनी चाहिए।

चाइल्ड स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के अनुसार शून्य से 5 साल तक के बच्चों में सर्दी-जुकाम का होना सामान्य प्रक्रिया है। छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता वैसे ही कम होती है। ऐसे में मौसम में बदलाव का प्रभाव एकदम से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। कई बार अभिभावक पुरानी लिखी हुई पर्ची की दवा खिलाकर बच्चों को ठीक करना चाहते हैं, मगर यह भी बच्चों के लिए हानिकारक होता है।

### ओपीडी में बढ़ रही संख्या

मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है, कभी तेज धूप तो कभी गर्मी और ठंडक भी महसूस हो रही है। मौसम में हो रहे इसी परिवर्तन के चलते खासकर छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। मौसम परिवर्तन के कारण बच्चे सर्दी, खांसी व बुखार की चपेट में आ रहे हैं। ओपीडी में बीमार पड़ने वाले बच्चों की संख्या अच्छी-खासी बढ़ रही है।

### ओवरडोज से नुकसान



डॉ. धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि दो से अधिक प्रकार की दवाइयों को एक साथ न दें। बच्चों को सर्दी-जुकाम होने पर दवाइयों का ओवरडोज न दें, यह नुकसानदायक होता है। खासी-सर्दी-जुकाम, बुखार या निमोनिया जैसी स्थिति होने पर अस्पताल जाकर डॉक्टर से उपचार व परामर्श लें और डॉक्टर के सुझाए अनुसार ही दवाइयां लें।

### लिवर-किडनी पर असर

अक्सर अभिभावक द्वारा डॉक्टर की लिखी डोज पर भी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाता है। चाइल्ड स्पेशलिस्ट चिकित्सक डॉ. धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि डॉक्टर सिरप या दवाईयों को जितने बार देने बोलते हैं, उसे उतनी ही बार उतनी ही मात्रा में दिया जाना चाहिए। अपने मन से उससे अतिरिक्त दवा बिल्कुल नहीं देना चाहिए। बच्चों में होने वाले सामान्य वायरल, सर्दी-जुकाम में अधिक दवाइयों का डोज नहीं देना चाहिए। अधिक मात्रा में डोज देने पर इसका असर सीधे किडनी और लीवर पर पड़ता है ।

# गैर शिक्षकीय कार्य के विरोध में 70 संकुल समन्वयकों ने दिया त्यागपत्र

**खैरागढ़।** शाला में बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता स्तर मे सुधार और वर्तमान परिदृश्य में शैक्षिक समन्वयक की भूमिका पर जिला शैक्षिक समन्वयक संघ की बैठक में विस्तृत चर्चा की गई।

शासन से जारी निर्देश पर चर्चा बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शासन के समक्ष अपनी बातों को जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से रखा जाएगा जिसमें अकादमिक पर्सन के रूप मे कार्यरत शैक्षिक समन्वयक से गैर शिक्षकीय कार्य नहीं लिए जाने, कार्यालयीन डाक की प्राप्ति और वितरण का काम संकुल प्राचार्य से कराने जैसे विषयो पर चर्चा बाद सभी ने एकमत होकर त्यागपत्र दिया। जिलाध्यक्ष मनसुख वर्मा, जिला सचिव संजय सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष कौशल राजपूत, प्रणय महोबे ने बताया कि शासन द्वारा इस सत्र को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष मानते हुए बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए लगातार काम करने का निर्देश जारी किया गया है लेकिन बीते कई सालो से समंवयको से स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्य कराया जाता है। विभाग के लगभग 30 प्रकार के ऑनलाइन कामों को पूरा करने की जिम्मेदारी उन पर होती है जिसके चलते उन्हें मूल कार्य अकादमिक पक्ष की मजबूती के लिए समय नहीं मिल पाता। इस दौरान नरेंद्र ठाकुर, रामेश्वर वर्मा, विभाष पाठक, गंगू टंडन, केशव साहू, मनोज मरकाम, शिव खुसरो, दुर्गा सिंह कोर्राम, किशोर तिवारी, निखिल सिंह, निमेष सिंह, कमल वर्मा, प्रयाग सिंह, निर्जन टंडन, उपेंद्र देवांगन, सुखराम कवर, चंद्रशेखर गुनी, दामोदर वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, गिरवर बंजारे, पूरन बंजारे, पूनम वर्मा, बैनदास साहू, रामसुख निषाद, रामभरोसा मेरावी, दिनेश वर्मा, प्रदीप राजपूत, नोहर देवघर, राजू जोशी, मधुर सिंह, कुशल मार्शल, परमेश्वर कौशिक, अजय वर्मा, मुकेश कश्यप, योगेन्द्र कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

# बच्चा अपहरण का प्रयास दो आरोपी गिरफ्तार




■ साल्हेकसा महाराष्ट्र से आए थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र में घर के सामने खेल रहे एक बच्चे का अपरहण करने का प्रयास किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 अक्टूबर को प्रार्थी कचहरी चौक वार्ड नं. 22 निवासी का 10 वर्ष का लड़का अपने घर गेट के सामने बाहर खेल रहा था।

उसी दौरान 2 अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण करने का प्रयास कर रहे थे। इस संदर्भ में 2 आरोपियों को पकड़ा गया एवं पूछताछ करने पर दोनों अपना नाम तरीकत शाह और दिलदार शाह दोनों निवासी बाबाटोली आमगांवखुर्द थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया महाराष्ट्र का रहने वाला बताया। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 137(2), 139(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस ने विवेचना कार्रवाई करते आरोपियों से पूछताछ किए, जो बच्चे को अकेला एवं सूनसान देखकर अपने साथ अपहरण कर ले जा रहे थे बताया। आरोपीगण के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाए जाने से 11 अक्टूबर को गिरफ्तार कर आज दिनांक को न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# विस अध्यक्ष के हाथों होगा प्रयास विद्यालय का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय की शुरूआत आगामी सप्ताह होने जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय का लोकार्पण करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा आवासीय विद्यालय के लोकार्पण की तैयारी जारी है। प्रथम शैक्षणिक सत्र में कक्षा 9वीं में 113 बच्चों के साथ इसका शुभारंभ होगा। इसी कड़ी में कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता द्वारा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्लास रूम व हॉस्टल की सुविधाओं का जायजा लिया गया। बच्चों से सुविधाओं के बारे में चर्चा की गयी एवं उनका हालचाल भी पूछा गया।



### 113 बच्चों ने लिया प्रवेश

उल्लेखनीय है कि प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं के 113 बच्चों का प्रवेश पूर्ण कर लिया गया है। आवासीय विद्यालय में बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल एवं मेस की सुविधा है। दोनों हॉस्टल के लिए अधीक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं। बच्चों की सुरक्षा हेतु चार सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है तथा पूरा कैम्पस सीसीटीवी की निगरानी में है।

### स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई

12 क्लास रूम फेकल्टीस का चयन भी रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से डेमो के पश्चात किया जा रहा है। क्लास रूम में बच्चों को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से अध्ययन कराया जाएगा। साथ ही नीट-जेईई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी। बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर कक्ष की भी व्यवस्था की गई है।

# वर्षा से खराब हो रही दलहन-तिलहन की फसल प्रधानमंत्री फसल बीमा से मिलेगी क्षतिपूर्ति

**राजनांदगांव।** जिले में लगातार हो रही वर्षा से दलहन एवं तिलहन की फसल को क्षति होने की संभावना बढ़ गई है। जिसके कारण खेतों में काट कर रखे गए फसल के साथ-साथ खड़ी फसल को भी नुकसान हुआ है।

उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि फसलों को हुए नुकसान के मामले को लेकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमित किसान अधिसूचित बीमा कंपनी, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के बीमा प्रतिनिधि अथवा कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों से संपर्क कर फसलों को हो रही क्षति के बारे में बीमा कंपनी को टोल फ्री नंबर पर सूचना देकर या चैट बॉक्स में मैसेज कर फसल क्षति की जानकारी दे सकते हैं। जिससे जानकारी प्राप्त होने के तुरंत बाद बीमा कंपनी के प्रतिनिधि किसानों के खेतों का निरीक्षण कर आंकलन के आधार पर 25 प्रतिशत दावा भुगतान की राशि व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति हेतु जारी करने कार्रवाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय आपदा अंतर्गत अत्याधिक वर्षा से खेत में काट कर रखे फसलों को नुकसान होने पर किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति दावा का भुगतान लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### खेत में पड़ी फसल खराब होने की शिकायत

प्रधानमंत्री फसल बीमा के अंतर्गत किसानों ने अपना फसल बीमा करवाया है तो कृषक बारिश आपदा से फसल कटाई के 14 दिवस तक खेत में पड़ी फसल खराब होने की दशा में कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर कॉल कर आधार कार्ड नंबर से फसल खराब की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। वहीं क्रॉप इंश्योरेंस ऐप या पीएमएफबी वॉट्सएप चेट बोट 7065514447 पर किसान अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से शिकायत 72 घंटे के अंदर दर्ज करा सकते हैं।

## विधायक यशोदा ने की तीन लाख रुपए की घोषणा

# कटे हुए पेड़ की स्मृति में बनेगा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर से करीब दो किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सर्रागोंदी में कुछ दिन पूर्व आस्था के प्रतीक और सालों से श्रद्धा का केंद्र रहे पीपल पेड़ को काटने से नाराज ग्रामवासियो के साथ विधायक यशोदा वर्मा ने उसी जगह पर पीपल का नया पौधा रोपा और हनुमान मंदिर निर्माण के लिए तीन लाख रूपए देने की घोषणा की।

गौरतलब है कि बीते सप्ताह सरकारी जमीन पर लेग पीपल के विशालकाय वृक्ष को रात के अंधेरे में काट दिया गया था। 90 साल की निसंतान देवला बाई ने पौधा रोपा और धूप छांव की परवाह किए बिना उसकी देखभाल करती रही जिसके चलते लगभग 25 साल के लंबे अंतराल मे पौधा पेड़ बन गया और हिंदू मान्यतानुसार लोग उसे देवता मानकर पूजा करते आ रहे थे। पेड़ कटने से पूरा गॉव नाराज हो गया था वही हिंदू संगठन भी इस विषय को लेकर काफी आक्रोशित हो रहा था हालांकि दो दिन बाद ही उस जगह पर नया पौधा देवला बाई के हाथो लगवा दिया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक यशोदा वर्मा कार्यकर्ताओं के साथ सर्रा गोंदी पहुँचीं। उन्होंने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली और देवला बाई पटेल से मुलाकात की उनके साथ रुद्राक्ष का पौधा भी रोपा।



ग्रामीणों की भावनाओं को समझते हुए विधायक ने उसी स्थान पर हनुमान मंदिर निर्माण के लिए तीन लाख रुपये की घोषणा करते हुए कहा उन्होंने कहा कि मंदिर की घेराबंदी सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भी अतिरिक्त सहयोग दिया जाएगा ताकि किसी प्रकार की कमी न रहे। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि पीपल का यह पेड़ ग्रामवासियों की आस्था का केंद्र था, जिसे रात के अंधेरे में काट दिया गया। घटना से आहत विधायक गांव पहुँचीं। विकलांग विश्राम यादव को ट्राई साइकिल दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सरपंच फुलेश्वरी साहू, उपसरपंच मेघूराम साहू, ग्राम पटेल सुखदेव साहू, दीपक देवांगन, शेखरदास वैष्णव, भूपेंद्र वर्मा, राहुल सिंह, रामअवतार साहू, संजय सिंह, सुखदेव पटेल, हरिदर्शन ढीमर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




दीपावली पर्व
की अग्रिम हार्दिक बधाई
कुबोटा
तकनीक जापानी-दिल हिन्दुस्तानी
एक बार खरीदे, लेकिन ब्रांडेड खरीदें
ये सिर्फ हार्वेस्टर नहीं, ये है प्रीमियम हार्वेस्टर
2 साल
लिमिटेड वॉरंटी
प्रतिदिन कमाए 60 से 70 हजार रुपए
जापान एवं भारत की
नं. 1 चैन कुबोटा हार्वेस्टर
गीली एवं पानी युक्त भूमि के लिए
e-CDIS
ईंधन की कम खपत के लिए :- ईको सेंट्रल डायरेक्ट इंजेक्शन तकनीक
4 वाल्व तकनीक
बेहतर ज्वलन और अधिक पावर के लिए
बैलेंसर शाफ्ट
कम कंपन और कम शोर
सिंक्रोमेश गियर
12 फॉरवर्ड 4 रिवर्स
बुकिंग प्रारंभ
एक बार खरीदो रिप्लेसमेंट शब्द भूल जाओ
GST छूट का लाभ उठाएं
वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी
प्रीमियम ट्रैक्टर कुबोटा
जीरो वायब्रेशन ट्रैक्टर
फोर वॉल टेक्नोलॉजी
बेवल गियर टेक्नोलॉजी
5 ईयर सुपर वारंटी
सबसे कम डीजल खपत
किसी भी कंपनी का ट्रैक्टर लेने से पहले एक बार चलाकर देखें और फर्क जाने..
*नियम एवं शर्तें लागू
GST बचत
20,000 से 1,70,000 तक*
RICE PLANTER
बुकिंग करने डायरेक्ट शोरुम आने पर विशेष छूट
अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण
बघेल ट्रैक्टर्स
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड
बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)
संपर्क करें : 8643000281, 9753893377, सर्विस एवं स्पेयर : 7067137966

## खबर संक्षेप

### विख स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम बाजार चारभाठा में गत दिनों गुरूवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग कवर्धा द्वारा विकासखंड स्तरीय बालिका-महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष तक के बालिकाओं-महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिस पर भाग लेने वाले ग्राम बाजार चारभाठा, कुम्हार दुनिया, गैंदपुर, हाथलेवा, खोलवा, कस्तुरबा विद्यालय सहसपुर लोहारा, दानीघटोली, रामपुरा, सिंघनपुरी के ग्रामीण प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें खो-खो, व्हॉलीबॉल, रस्साकसी, 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, बैडमिंटन, कुश्ती, वेटिंग लिफटिंग, तवा फेक, फुटबॉल आदि खेलो का आयोजन किया गया। जिसमें सभी खेलो में प्रथम एवं द्वितीय प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार व मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान सम्मानित किया गया। जिस पर 9 से 18 वर्ष वर्ग में गैंदपुर खो-खो प्रथम, व्हॉलीबॉल बाजार चारभाठा प्रथम, रस्साकसी बाजार चारभाटा प्रथम, 100 मीटर दौड़ गैंदपुर प्रथम, 400 मीटर कुम्हार दुनिया प्रथम, बैडमिंटन दानीघटोली प्रथम, कुश्ती हाथलेवा प्रथम वहीं 18 से 35 आयु वर्ग में रस्साकसी खोलवा प्रथम, 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ खोलवा प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सुदर्शन कुंभकार, महेंद्र कुमार साहू, रेखलाल कौशिक भागीरथी साहू सहित बड़ी सभी संख्या में पीटीआई, शिक्षक शिक्षिकाएं, युवा कल्याण विभाग के कर्मचारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए मैं पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करूंगी

# बिहार विस चुनाव में विधायक भावना को भाजपा ने सोनपुर विधानसभा प्रभारी की सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा विधायक श्रीमती भावना बोहरा की सक्रियता को देखते हुए भाजपा ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। आगामी 6 और 11 नवम्बर को होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में विधायक श्रीमती भावना बोहरा को जिला एवं लोकसभा क्षेत्र सारण अंतर्गत सोनपुर विधानसभा क्रमांक 122 के विधानसभा प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है और वे बिहार के लिए प्रस्थान कर चुकी हैं, जहां रविवार को भावना बोहरा पटना प्रदेश भाजपा कार्यालय एवं सारण जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल हुई और चुनावी चर्चा में सहभागिता की। इस जिम्मेदारी के लिए विधायक ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। बताया जाता है कि 2024 में झारखण्ड में हुए विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भी भावना बोहरा को प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया लगातार क्षेत्र में दौरा कर जनता से मिली, भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो, जनहित की योजनाओं एवं भाजपा के विकासवाद का प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मुझे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव में प्रभारी के रूप में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा जाना अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश नेतृत्व और समस्त वरिष्ठ नेताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। पार्टी द्वारा जिस विश्वास से मुझे यह दायित्व सौंपा गया है उसके प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए मैं पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करुँगी। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 एनडीए के लिए ऐतिहासिक विजय का चुनाव होगा। 6 और 11 नवंबर को होने वाले मतदान तथा 14 नवंबर को वोटों की गिनती के माध्यम से बिहार की जनता एक बार फिर एनडीए सरकार को पूर्ण बहुमत प्रदान करेगी। बिहार में एनडीए की सरकार आने के बाद से हुए अभूतपूर्व बदलाव, राज्य के विकास और योजनाओं से जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं।

### आयुष्मान भारत योजना से मुफ्त और बेहतर ईलाज मिल रहा है



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे पीएम आवास, आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि ने बिहार के हर घर तक पहुंच बनाई है, जबकि विपक्षी महागठबंधन केवल नकारात्मक राजनीति कर रही है। एक समय था जब बिहार में सड़कें गड्ढों से भरी थीं, बिजली एक सपना था और कानून-व्यवस्था का नामोनिशान नहीं था केवल जंगलराज था। लेकिन एनडीए की सरकार आने के बाद से हर गांव में बिजली पहुंच गई है, हर घर में शौचालय बन गया है, पीएम आवास से पक्के आवास बन रहें हैं, आयुष्मान भारत योजना से मुफ्त और बेहतर ईलाज मिल रहा है, किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक लाभ एवं स्किल इण्डिया से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिले हैं, महिलाओं को सशक्त और उद्यमी बनाने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत परिवार की एक महिला को 10,000 रुपए की सहायता दी जा रही है, ताकि वे अपना उद्यम शुरू करे।

### प्रधानमंत्री द्वारा बिहार को 62 हजार करोड़ की सौगात दी

भावना बोहरा कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा बिहार को 62 हजार करोड़ रुपए की सौगात दी। जिसमें युवाओं के स्किल डेवलपमेंट, रोजगार एवं बिहार के विकास को मुख्य रूप से केन्द्रित किया गया। ऐसी कई सौगात बिहार को पिछले वर्षों में श्री मोदी और एनडीए सरकार में मिली है, जिसने बिहार में जंगलराज और भ्रष्टाचार को समाप्त कर सुशासन एवं विकास को स्थापित किया है। हमें विश्वास है कि जनता आगामी चुनाव में फिर से बिहार के विकास और सुशासन के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नकारात्मक और भ्रष्टाचार की राजनीति करने वाली विपक्षी पार्टियों को नकार कर एनडीए की सरकार बनाएगी।

# पोंड़ी से फास्टरपुर सड़क पहुंच मार्ग का हाल-बेहाल, आवागमन बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासन प्रशासन द्वारा एक गांव से दूसरे गांव व शहर को आपस में जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछाया गया, लेकिन देखरेख व सुधार कार्य के अभाव सड़क जर्जर व बदहाल हो चुकी है। बताया जाता है कि ग्राम पोंड़ी, मोहगांव, जंगलपुर, रापा, कुण्डा व फास्टरपुर सड़क का हाल बेहाल है, जिससे आवागमन बाधित तथा ग्रामीणो व राहगीरों को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि सड़क में जगह-जगह छोटे बड़े गड्ढे होने से ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं ग्रामीण व क्षेत्रवासी कबीरधाम-बिलासपुर-जबलपुर आवागमन करने के लिए इसी मार्ग से एक ग्राम से दूसरे आवाजाही करने मजबूर है। सड़क गड्ढे में तब्दील चुकी है, वहीं सड़क छोटी बड़ी दुर्घटना को न्यौता दे रही है। जिस पर शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने व जिम्मेदारों तथा ठेकेदार को सड़क की सुधार की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को राहत व सुविधा मिल सकें।

### क्षेत्रवासियों को उठानी पड़ रही भारी दिक्कते व परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना स्कूली छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि स्कूली छात्र छात्राएं हाई स्कूल व कुण्डा महाविद्यालय आने जाने के साथ-साथ सुबह से देर रात तक ग्रामीणों व राहगीरों का आवागमन लगा रहता है। वहीं इस मार्ग में चलना दुर्लभ व ग्रामीण राहगीर गिरकर चोटिंल हो रहे है। जिस पर ग्रामीण रहवासियों ने शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को राहत व सुविधा मिल सकें। ग्रामीणों का कहना कि सुधार कार्य के लिए सड़क में गिट्टी, बजरी व मुरूमीकरण कर दिया जाए तो काफी हद तक राहत मिल सकती है।

# आत्मनिर्भर भारत व जीएसटी 2.0 सुधार मण्डल कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

शनिवार को भाजपा मण्डल कुण्डा का स्थानीय रूर्बन भवन में आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी 2.0 सुधार मण्डल कार्यशाला कार्यक्रम प्रभारी रामकुमार भट्ट के उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू के सफल संचालन में मण्डल स्तरीय आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी सुधार कार्यशाला कार्यक्रम भाजपा मण्डल कुण्डा द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के विधिवत पूजा अर्चना पश्चात कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। वही कार्यक्रम के मण्डल प्रभारी सभापति जिला पंचायत रामकुमार भट्ट एवं अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के प्रभारी रामकुमार भट्ट ने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार करोड़ों भारतीय के जीवन को आसान बनाने वाली परिवर्तनकारी कदम है, श्री भट्ट ने कहा ये सुधार जीवन में आसानी व्यापार में आसानी के 2025 के विजन को मूर्तरूप देने वाले है, उन्होंने कहा एनडीए सरकार ने सामान्य नागरिकों पर कर बोझ कम करते हुए किसानों को सशक्त बनाया और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देकर समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा जीएसटी में की गई कटौतिया भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, जीएसटी सुधारो के अंतर्गत व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर पूरी जीएसटी छूट, यूसचटी दूध और पनीर जैसे खाद्य उत्पादों पर शून्य कर तथा डेयरी दवाइयों और स्वास्थ्य सेवाओं दर पर भरी कटौती शामिल है।

श्री चंद्रवंशी ने कहा पान मसाला, तम्बाकू, लग्जरी वाहन और सट्टा कारोबार को 40 प्रतिशत स्लैब में लाया गया है इसके अतिरिक्त विवाद समाधान को मजबूत करने 2025 के अंत तक जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने की मंजूरी दे दी गई है। वही प्रदेश विस्तारक संतोष चंद्रवंशी ने जीएसटी सुधार के संदर्भ में संक्षिप्त एवं सरल भाषा में जानकारी दी। वही कार्यक्रम का आभार व्यक्त पूर्व महामंत्री गीताराम साहू ने किया।




# नाऊडीह व बीजाझोरी में बने विशाल पानी टंकी शोपीस

## जल जीवन मिशन योजना लाभ से वंचित ग्रामीण जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बरबसपुर के आश्रित ग्राम बीजाझोरी और ग्राम पंचायत जरती के आश्रित गांव नाऊडीह में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना के तहत घरों घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए विशाल पानी टंकी का निर्माण कराया गया, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी व घोर लापरवाही के कारण नल जल मिशन योजना लाभ से ग्रामीण वंचित नजर आ रहे है। मिली जानकारी के अनुसार हितग्राहियों ने बताया कि शासन प्रशासन द्वारा घरों घर नल कनेक्शन तो किया लेकिन नल कनेक्शन होने के बाद ग्रामीण हितग्राहियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नही हो रही है। जिससे कारण ग्रामीणों व रहवासियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामवासियों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा घरों घर नल जल मिशन योजना अंतर्गत पेयजल का लाभ मिल सकें।



### पंडरिया-जोरा मंदिर में महिला पतंजलि योग समिति की बैठक संपन्न



**हरिभूमि पंडरिया।** महिला पतंजलि योग समिति की बैठक जोरा मंदिर पंडरिया में कवर्धा में 9 नवंबर को होने वाले एक दिवसीय कार्यशाला के विषय में की गई। भारत स्वाभिमान महामंत्री ज्योति शुक्ला, सेवावृत्ति बहन भारती द्वारा बहनों को कार्यशाला के विषय में विस्तार से बताया गया व आने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रभारी बहन उमा द्वारा बहनों को खुद योग करने व योग कक्षा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। तहसील प्रभारी बहन सीमा ताम्रकार के प्रयास से कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैल तिवारी, लता जायसवाल, गुलशन साहू, मंजू, गायत्री साहू, सावित्री, नोमालिका सहित बड़ी संख्या में बहनों की भागीदारी रही।

### शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत गत दिनों बुधवार को प्राथमिक शाला देवरी संकुल मरका में सामाजिक अंकेक्षण किया गया। टीम लीडर संगीता भास्कर पांच सदस्यीय टीम द्वारा विद्यार्थियों की मानसिक बौद्धिक और रचनात्मक ज्ञान का मूल्यांकन 20 बिंदुओं पर आधारित प्रश्नावली के माध्यम से किया गया। उक्त अवसर पर शांति, मनीषा, हरियाली, सुशीला, राधा, राधिका, लैनी, सुनीता शफुरा, शत्रुहन, गणेशी, राजकुमारी, विनोद सेन के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### विद्यालयों-महाविद्यालयों में प्रथम आने वाले आठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया

# क्रीड़ा भारती का क्रीड़ा ज्ञान परीक्षाका सफल आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा गत 14 सितंबर 2025 को देशभर में ऑनलाइन आयोजित की गई थी, जिसका पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को स्वामी आत्मानंद विद्यालय सिग्नल चौक कवर्धा के सभागार में आयोजित की गई। जिस में मुख्य अतिथि जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल, कार्यक्रम के अध्यक्ष क्रीड़ा भारती के प्रांत संगठन मंत्री कौशलेंद्र पटेल, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राघव साहू, थे। वहीं अखिल भारतीय स्तर पर पुरस्कार की व्यवस्था थी, लेकिन कवर्धा इकाई ने जिले के तीन टॉपर और परीक्षा में सम्मिलित विद्यालयों के सर्वाधिक अंक पाने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया था।

स्वागत उद्बोधन में क्रीड़ा भारती के प्रांतीय सदस्य जसविंदर बग्गा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया की परीक्षा प्रतिभागियों के दृष्टिकोण से जिले से चौथे सर्वाधिक लोग उपस्थित थें। कार्यक्रम के अतिथियों ने विद्यार्थियों को मुख्य रूप से मोटिवेशनल उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राघव साहू ने सफल खिलाड़ियों के उदाहरण से आगे बढ़ने की प्रेरणा लेने को कहा।

अध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल ने राष्ट्रवाद का एक बड़ा कार्य अपने देश के स्थानीय खेलों को खेलने का है, क्रीड़ा भारती का कार्य देश के लोगों में खेलने की ललक पैदा करना है। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र बघेल ने विद्यार्थियों को मोटीवेट करते हुए कहा कहा कि हमें सफल लोगों की सफलता के पीछे छिपे हुए प्रयास, मेहनत, समर्पण, लगन और लक्ष्य प्राप्त करने की तीव्र उत्कंठा जैसी बातों का अनुकरण करना चाहिए। कवर्धा की मिट्टी में यहां की प्रतिभा में कुछ अलग ही बात है जिसे मैंने देखा है। क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले स्वामी आत्मानंद स्कूल सिग्नल चौक का छात्र धनंजय जांगड़े ने प्रथम, गुरुकुल पब्लिक स्कूल के छात्र रुद्र साहू ने द्वितीय, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के छात्र दिव्यांशु चंद्रवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रेसियस नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ओजस्वी पटले ने अपने कॉलेज में प्रथम और जिले में स्थान बनाया।

इसी प्रकार अपने विद्यालयों-महाविद्यालयों में प्रथम आने वाले आठ प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य आरपी सिंह, डीडी जोशी, प्रमोद शुक्ला, नीलम यदु, टिकेश्वर लाल साहू, राजेश चंद्रवंशी के साथ साथ विभिन्न स्कूल कालेज के शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित थें। क्रीड़ा भारती कवर्धा के सचिव गिरीश चंद्रवंशी, निखिल वर्मा, संजय तिवारी, अमरजीत छाबड़ा, नितिन रूसिया, अमित पांडेय, दीपक ठाकुर, श्रीमती संगीता साहू ने सक्रिय सहयोग दिया। आभार प्रदर्शन गिरीश चंद्रवंशी एवं कार्यक्रम संचालन आदित्य श्रीवास्तव तथा संगीता साहू द्वारा किया गया।

### छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रतिनिधि मंडल उपमुख्यमंत्री से किए सौजन्य मुलाकात



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला इकाई कबीरधाम के प्रतिनिधि मंडल एवं स्थानांतरित शिक्षकों के परिजन रात्रि में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर स्थानांतरण के संदर्भ में अपनी बात रखते हुए अपील किया। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि गत दिनों बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के आदिवासी गोंड़ समाज के 10 शिक्षकों का स्थानांतरण जिले में एवं जिले से बाहर करते हुए आदेश जारी किया गया। संगठन व परिजन ने स्थानांतरण के संदर्भ में बात रखते हुए व्यावहारिक पक्ष को मंत्री के समक्ष रखे साथ ही स्थानांतरण आदेश को निरस्त कराने का निवेदन करते ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर मंत्री ने बात को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संगठन व परिजन को भरोसा दिलाया। उक्त अवसर पर प्रदेश सचिव लवन सिंह कंवर, जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे, अंजोर सिंह सिदार, शिवराम सिंह श्याम, रोहित कुमार धुर्वे, प्रकाश सिंह भूआर्य, जेआर खरे, गेंदुराम मरावी, दिलीप कुमार धुर्वे, शिवकुमार धुर्वे, विनय ध्रुव, नंदलाल धूमकेती, रामबिलास पोर्टे, संजय धुर्वे शशिभूषण ध्रुव, महेश मरावी, गेंदलाल मरकाम व समाज प्रमुख डॉ संतोष धुर्वे, मुखिराम मरकाम, सुखनंदन धुर्वे, श्याम राज धुर्वे, रामसाय धुर्वे, कुंभकरण सिंह गोंड़, जयचंद धुर्वे, कृष्णा पुशाम, भगेला मरावी, संतोष मरकाम, अश्वनी मरकाम, सुरेश धुर्वे, तुका धुर्वे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**चेतावनी:** पुलिस प्रशासन ने की चाक-चौबंद, कहा कानून के खिलाफ कोई कदम नहीं बख्शा जाएगा

# आज छावनी में तब्दील रहेगा कवर्धा गोंगपा व भीम आर्मी करेगी घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गोंड़वाना समाज छत्तीसगढ़ एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 13 अक्टूबर को प्रस्तावित कलेक्ट्रेट कार्यालय कवर्धा का घेराव एवं आम सभा व पुतला दहन कार्यक्रम में संभावित भीड़ और कानून व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कबीरधाम पुलिस द्वारा व्यापक, संगठित और सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। पूरे शहर में पुलिस बल की तैनाती, मार्ग नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन तथा ट्रैफिक व्यवस्था के लिए ठोस तैयारी की गई है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा दृष्टि से शहर के चार प्रमुख स्थानों पर पूर्ण बैरिकेडिंग की जा रही है। आदिवासी मंगल भवन दुर्गावती चौक मार्ग के ठीक पहले, राजमहल रोड में दुर्गावती चौक से राजमहल कॉलोनी मोड़ के पहले, करपात्री स्कूल के मुख्य द्वार के सामने तथा मंगल भवन से पीजी कॉलेज मार्ग जाने वाले रास्ते पर बैरिकेडिंग की जाएगी। इन स्थानों से आगे आवागमन बाधित रहेगा और पुलिस बल की सघन तैनाती के माध्यम से भीड़ को सीमित क्षेत्र में रखा जाएगा ताकि अनियंत्रित जमाव की स्थिति न बने। इस कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और नियंत्रण में रखने के लिए लगभग 700 पुलिस बल कानून व्यवस्था ड्यूटी में लगाया गया है, जिसमें जिले के विभिन्न थानों के साथ अन्य जिलों और पुलिस कैंप से प्राप्त बल भी शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर में पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। संपूर्ण क्षेत्र में ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी जाएगी। नियंत्रण कक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पल-पल की स्थिति की मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी भीड़ के बीच तैनात रहेंगे, जो संदिग्ध या भड़काऊ तत्वों की गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करेंगे।।



### यातायात रहेगा प्रतिबंधित

ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार, कलेक्ट्रेट मार्ग और आसपास के इलाकों में अस्थायी यातायात प्रतिबंध रहेगा। नागरिकों से अनुरोध है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा अनावश्यक रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में न जाएं। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह (भा.पु.से.) ने कहा है कि जिले की शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति या समूह कानून की सीमा लांघने का प्रयास करेगा, उसे तत्काल गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। उपद्रव फैलाने वाले किसी भी तत्व को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।कबीरधाम पुलिस पूर्ण सतर्कता और सख्त नियंत्रण के साथ व्यवस्था संभाले हुए है। जिले की जनता से अपेक्षा है कि वह संयम, शांति और जिम्मेदारी का परिचय दे तथा पुलिस प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग बनाए रखे।

### अधिकारियों को किया गया है तैनात

कानून व्यवस्था की समग्र निगरानी के लिए एएसपी पुष्पेंद्र बघेल, एएसपी पंकज पटेल, के नेतृत्व में एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक, भूपत सिंह धनेश्री, डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, कृष्णा चंद्राकर एवं डीएसपी आशीष शुक्ला को क्षेत्रवार सेक्टरवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जिलों से भी राजपत्रित अधिकारी आयेंगे। प्रत्येक अधिकारी अपने-अपने सेक्टर में तैनात बलों का नेतृत्व कर स्थिति पर निरंतर निगरानी रखेंगे और किसी भी परिस्थिति में तुरंत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। पुलिस प्रशासन की मंशा स्पष्ट है कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। समाज द्वारा ज्ञापन को शांतिपूर्ण रूप से प्रस्तुत करने का आवेदन दिया गया है, परंतु यदि किसी भी प्रकार से शांति भंग होती है, कानून व्यवस्था बिगड़ती है या असामाजिक तत्व वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं, तो आयोजकगण स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

### पुलिस प्रशासन ने दी चेतावनी

पुलिस प्रशासन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उपद्रव, तोड़फोड़, सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटना को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले हर व्यक्ति को चिन्हित कर तत्काल गिरफ्तार किया जाएगा और उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कबीरधाम पुलिस की तैयारी पूरी है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सभी बल सतर्क और मुस्तैद हैं। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति बनाए रखें, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या नजदीकी थाने को दें। नागरिकों से अपेक्षा है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और सहयोग देकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

## भोरमदेव अभ्यारण्य में तीन दिवसीय तितली सम्मेलन का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भोरमदेव अभ्यारण्य, कवर्धा वनमंडल अंतर्गत 10 से 12 अक्टूबर तक आयोजित तीन दिवसीय तितली सम्मेलन 2025 द्वितीय संस्करण का समापन आज चिल्फी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अभ्यारण्य की अधीक्षक श्रीमती अनिता साहू द्वारा तितली संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय सर्वेक्षण के दौरान प्रतिभागियों द्वारा भोरमदेव अभ्यारण्य के विभिन्न क्षेत्रों में 5 नई तितली प्रजातियां दर्ज की गईं, जिससे अब अभ्यारण्य क्षेत्र में पाई जाने वाली तितलियों की कुल संख्या 134 प्रजातियों तक पहुँच गई है। इस अवसर पर प्रतिभागियों एवं वन विभाग के अधिकारियों द्वारा नींबू पौधे (होस्ट प्लांट) का पौधारोपण किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह के रूप में नींबू पौधा प्रदाय किया गया। प्रतिभागियों को बैगा ग्राम का भ्रमण भी कराया गया, जहाँ उन्होंने स्थानीय समुदाय की परंपरागत पर्यावरणीय समझ और जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और तितलियों के संरक्षण में स्थानीय जनसहभागिता की भूमिका पर बल दिया। समापन कार्यक्रम के अवसर पर श्रीमती अनिता साहू, अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा, लाल सिंह मरकाम, परिक्षेत्र अधिकारी चिल्फी, अनुराग वर्मा, परिक्षेत्र अधिकारी भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा, विक्रांता सिंह, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, तथा भोरमदेव एवं चिल्फी के समस्त क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे। वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन से प्राप्त आंकड़े और अनुभव भविष्य में भोरमदेव अभ्यारण्य की तितली संरक्षण प्रबंधन योजना को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

## खबर संक्षेप

### बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा हुई

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शुक्रवार को ब्लॉक पंडरिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक स्कूल पौनी में विशेष पालक मेगा बैठक हुई। इसका उद्देश्य स्कूल में शिक्ष की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और समग्र शैक्षणिक विकास की समीक्षा करना था। तिमाही परीक्षा के परिणाम, बच्चों की पाठ्येतर गतिविधियों और अधिगम स्तर पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के मूल्यांकन प्रगति पत्रक (रिपोर्ट कार्ड) दिखाए, जिन्हें देखकर पालक अपने बच्चों की प्रगति से संतुष्ट और आश्वस्त नजर आए। शिक्षा गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए सभी ने मिलकर सुझाव दिए और बच्चों की नियमित उपस्थिति व अध्ययन पर विशेष ध्यान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक, सभी शिक्षक, अभिभावक, सरपंच सहित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा परिणाम जारी

**कवर्धा।** व्यापमं ने छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के रिक्त पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा 14 सितंबर को ली थी। इसका मॉडल उत्तर व्यापमं की वेबसाइट पर 18 सितंबर को प्रदर्शित किए गए थे।

### आयुर्वेद पाठ्यक्रम में प्रवेशः आवेदन शुरू

**कवर्धा।** प्रदेश के आयुर्वेद योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी संचालनालय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एमडी आयुर्वेद व एमएस आयुर्वेद में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश का शेड्यूल जारी कर दिया है। 16 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए हैं।

## जिले के तरेगांव जंगल में 115 गर्भवती महिलाओं की हुई निःशुल्क सोनोग्राफी जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की सोच और पहल के अनुरूप वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने दिशा में सराहनीय कदम उठाया गया है। इसी क्रम में तरेगांव जंगल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 115 गर्भवति महिलाओं की सोनोग्राफी जांच निःशुल्क की गई। इस स्वास्थ्य शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश तथा खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ वनांचल क्षेत्र की महिलाओं को मातृत्व पूर्व स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना रहा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा महिलाओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं पोषण संबंधी जानकारी भी दी गई। साथ ही गर्भवति माताओं को नियमित जांच एवं संतुलित आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। वनांचल क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से उन्हें समय पर जांच और इलाज की सुविधा मिल रही है। यह आयोजन स्वस्थ मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## लोमड़ी ने किया बकरियों का शिकार



**कवर्धा।** विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम टेढ़ापानी क्षेत्र के ग्रामीण इन दिनो शिकारी लोमड़ी से परेशान हैं। बताया जाता है कि गत शनिवार को इस शिकारी लोमड़ी ने मवेशी चराने पास के जंगल में गए ग्रामीण चरवाहे की दो बकरियों का शिकार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। पीड़ित मवेशी पालन ने वन विभाग को घटना की सूचना देते हुए मुआवजे की मांग की है।

## गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के बच्चों का किया गया सम्मान



**कवर्धा।** क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित ऑन लाईन क्विज क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा के परिणामों की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण दिनाँक 11 अक्टूबर शनिवार दोपहर 03 बजे सिग्नल चौक स्थित कन्या विद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवर्धा जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि राघव साहू, समाज सेवी कवर्धा एवं अध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, क्रीड़ा भारती प्रांत संगठन मंत्री थे। जिसमें गुरूकुल के पाँच बच्वें क्रमशः रूद्रा साहू कक्षा 8 वी, महेन्द्र साहू (कक्षा 9 वी, निकेश साहू कक्षा 9 वीं, सौरभ देवांगन कक्षा 5 वी एवं योगेश्वरी साहू कक्षा 9 वी को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मान किया गया। रूद्रा साहू कक्षा 8 वीं के छात्र ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। संस्था के अध्यक्ष समस्त पदाधिकारीगण तथा प्रभारी प्राचार्य ने इस गरिमामय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## ग्राम नवरंगपुर में जसगीत प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 19 अक्टूबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोडान



ग्राम नवरंगपुर में भव्य महालक्ष्मी पूजा महोत्सव के अंतर्गत एक विशाल जसगीत एवम झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन 19 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार हिस्सा लेंगे। सार्वजनिक सहयोग से आयोजित होने वाले श्री महालक्ष्मी महोत्सव का शुभारंभ 18 अक्टूबर 2025 को मां महालक्ष्मी की मूर्ति स्थापना के साथ होगा।

### प्रतियोगिता और पुरस्कार

आयोजन समिति द्वारा जानकारी दी गई है कि तीन दिवसीय जसगीत गायन एवं झांकी प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। जिसके तहत जसगीत प्रतियोगिता में प्रथम से पांचवा पुरस्कारः क्रमशः 7001 रूपए 5001 रूपए 3101 रूपए तथा 2101 रुपए रखे गए है। वहीं झांकी प्रतियोगिता में भी प्रथम पुरस्कार 10001 से क्रमशः 5100, 3100 रूपए 2100 रूपए तथा सांत्वना पुरस्कार 1500 रूपए दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कलाकारों की सुविधा का ध्यान रखते हुए, समिति ने यह व्यवस्था की है कि 10 किलो मीटर से अधिक दूरी से आने वाले प्रतिभागियों के लिए भोजन और आवास की उचित व्यवस्था की जाएगी।

### समापन और पुरस्कार वितरण

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन के बाद, 22 अक्टूबर 2025 को होने वाले समापन समारोह में विशेष अतिथियों के हाथों पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। ग्राम नवरंगपुर के ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी लोगों से इस पावन आयोजन में सपरिवार शामिल होने और मां महालक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है। यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्रीय कला और संस्कृति को भी बढ़ावा देगा।

## सीमांकन, चिन्हांकन, फेलिंग एवं लॉगिंग विषय पर वन विभाग की कार्यशाला



**कवर्धा।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में 11 अक्टूबर को रेंगाखार (सा.) वन परिक्षेत्र, कवर्धा वनमंडल में सीमांकन, चिन्हांकन, फेलिंग एवं लॉगिंग विषय पर एक दिवसीय वृत्त स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग वृत्त के मुख्य वनसंरक्षक की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर दुर्ग वृत्त के सभी वनमंडलाधिकारी, सहायक वनसंरक्षक, रेंजर, कूप प्रभारी एवं सहायक कूप प्रभारी उपस्थित थे। कार्यशाला में दो विशेष प्रशिक्षक द्वारा सीमांकन, चिन्हांकन, फेलिंग एवं लॉगिंग संबंधी तकनीकी, विधिक एवं सुरक्षा बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। फील्ड स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की सटीकता, सुरक्षा मानकों के अनुपालन तथा गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष बल दिया गया। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता एवं कार्य गुणवत्ता में वृद्धि करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विधिक प्रावधानों, फेलिंग एवं लॉगिंग के मानक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 250 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागियों को भविष्य के कार्य निष्पादन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

10 रूपए में 5 नग के भाव से बिक रहा सिंघाड़ा, लोगों द्वारा उठाया जा रहा लुफ्त

## जिले में सिंघाड़े की अच्छी फसल, नगर के बाजार में आवक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा।

दीपावली पर्व के साथ नगर के बाजार में सिंघाड़ा की आवक शुरू हो गई है। बताया जाता है कि जिले में इस बार भी सिंघाड़ा की अच्छी पैदावार से बाजार में खासी आवक बनी हुई है और अपने अलग थलग स्वाद के लिए मशहूर सिंघाड़ा लोगो द्वारा खूब खरीदा जा रहा है। इन दिनों बाजार में पका हुआ सिंघाड़ा 10 रूपए में 5 नग के भाव से उपलब्ध है। ज्ञात हो कि क्षेत्र मे मौसमी फल सिंघाड़ा का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है। तालाब के तलहटी पर उगने वाले इस फल को खाने के लिए कई तरीकों से इस्तेमाल में लाया जाता है। सूखे हुए सिंघाड़े से पारंपरिक सिंघाड़े की मिठाई तैयार की जाती है। इसके लिए तालाब की तलहटी में उगे हरे सिंघाड़ो को निकालकर छाव में कुछ दिनों तक सूखाया जाता है। सिंघाड़े के छिलके की परत का सूखा होना पुक्ता होने के बाद इसे धूप में सुखा दिया जाता है। पूरी तरह सूख चुके सिंघाड़े को छिलका निकालकर पीसकर सिंघाड़ा मिठाई बनाने के लिए इस्तेमाल में लाया जाता है। सिंघाड़े की मिठाई का प्रयोग मुख्यतरू उपवास आदि के लिए किया जाता है। इधर उबले हुए सिंघाड़े की बात की जाए तो काफी मशक्कत के बाद इसे तैयार किया जाता है। सर्व प्रथम तालाब के नीचे उगे परिपक्व हरे सिंघाड़ों को निकाला जाता है। हल्का सूख जाने के बाद सिंघाड़े को एक निश्चित तापमान पर उबाला जाता है। यह उबला हुआ सिंघाड़ा ही बाजार पर दिखाई देता है। उबले हुए सिंघाड़े को बेचने से पहले दुकानदार उसे खाने लायक बनाने के लिए उसके दोनो छोर को काट देते है। बताया जाता है कि क्षेत्र में सिंघाड़े की पैदावार काफी मात्रा में होती है। क्षेत्र में सिघाड़े की पैदावार को देखते हुए सिंघाड़ा संबंधित उत्पाद वाले कुटीर उद्योग के संचालक बड़ी संख्या में क्षेत्र पर निर्भर होते है।



## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गुरुकुल पब्लिक स्कूल ने सदैव ही अपने सामाजिक सरोकारों को सर्वोपरि मानता रहा है। इसलिए समय-समय पर विभिन्न सस्थाओं के सहयोग से सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होता रहा है। इसी कड़ी में नवजीवन सेवी संस्थान कवर्धा, जिला चिकित्सालय कवर्धा तथा गुरुकुल पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में विद्यालय परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में पधारे अतिथियों में श्री कुर्रे जी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कबीरधाम अतुल जैन रूप जीवन हॉस्पिटल विनोद चंद्रवंशी चंद्रायण हॉस्पिटल पैथोलॉजिस्ट एस. के. शर्मा नवजीवन सेवा संस्थान के विकास सेठिया, अजय यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम मां वीणापाणि के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। हिन्दी शिक्षक डॉक्टर विजय कुमार शाही ने इस रक्तदान शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। श्री कुर्रे, अतुल जैन, विनोद चंदवशी, प्रभारी मनोज गोनाडे प्रियांशु गुप्ता ने रक्तदान के संबंध में अपने विचार व्यक्त कर विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। छात्राओं में आरोही सिंह तथा वर्तिका श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। इस शिविर में स्वेच्छा से रक्तदाताओं के द्वारा प्रदत 15 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों का रक्त परीक्षण किया गया। कक्षा 9 वीं से बारहवी के विद्यार्थियों ने रक्तदान की प्रक्रिया को करीब से देखा और जाना। अंग्रेजी शिक्षक भगत सिंह परते ने कार्यक्रम का संचालन किया।

